# इग्नू की सत्र जुलाई 2019 की इंडक्शन मीटिंग में शामिल होने सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचनाएँ

**(दिनांक 18.10.2019)**

प्रिय शिक्षार्थी

**इग्नू की सत्र जुलाई 2019 में प्रवेश लेने पर आपको बधाई एवं शुभकामनायें। कृपया निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढे :**

- आपको SMS द्वारा इंडक्शन मीटिंग में शामिल होने की सूचना प्राप्त हो गयी होगी । यदि SMS प्राप्त न हुआ हो तो आप अपने अध्ययन केंद्र से संपर्क कर इंडक्शन मीटिंग के बारे में जानकारी ले सकते हैं।
- **आप दिए गए समयानुसार अपने अध्ययन केंद्र पर पहुंच कर इंडक्शन मीटिंग में शामिल हों। इस मीटिंग में आपको अध्ययन सम्बन्धी सभी महत्वपूर्ण सूचनाएँ दी जाएँगी। अतः आप इस मीटिंग में सम्मिलित होने का पूरा प्रयास करें।**
- आपको SMS द्वारा आपका कार्यक्रम कोड, अनुक्रमांक एवं इंडक्शन मीटिंग में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का क्रमांक भी भेज दिया गया है।
- आप अपने कार्यक्रम कोड एवं अनुक्रमांक की सहायता से इग्नू वेबसाइट से निम्नलिखित क्रम में अपने पंजीकरण के विवरण के पेज को देखें एवं उसका प्रिंट लेकर इंडक्शन मीटिंग में आएं।

  **IGNOU Website (www.ignou.ac.in) → Student Support → Student Zone → Registration Status → Feed your Programme Code and Enrollment Number → Take Print Out of the Page containing Registration Details**

  Direct Link: http://admission.ignou.ac.in/changeadmdata/admissionstatusnew.asp
- आप इस इंडक्शन मीटिंग में निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ सम्मिलित होवें :

  1. पंजीकरण के विवरण का प्रिंटआउट (ऊपर पर दिए गए निर्देशों के अनुसार)
  2. इग्नू ID Card का कलर प्रिंट यदि डाउनलोड हो पाए (केवल ऑनलाइन प्रवेश वाले शिक्षार्थियों हेतु)
  3. शैक्षिक मार्कशीट्स/सर्टिफिकेट्स की मूल प्रति (केवल वे अंकपत्र /प्रमाणपत्र जिनके आधार पर इग्नू में प्रवेश मिला है) .
  4. उपरोक्त सभी दस्तावेजों की छायाप्रति या फ़ोटोस्टेट का एक सेट आपको डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के काउंटर पर जमा करना होगा। इस सेट पर आप अपना डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन क्रमांक लिख दें जिसे SMS द्वारा आपको भेजा गया है।

- ID Card के बारे में निम्नलिखित निर्देश नोट कर लें :

  1. यदि आपने ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश (एडमिशन) लिया है तो आप इग्नू के ऑनलाइन पोर्टल से अपना परिचय पत्र या ID Card डाउनलोड कर उसका रंगीन प्रिंट ले लें। इस ID Card को इग्नू द्वारा अटेस्ट या सत्यापित कराने की आवश्यकता नहीं है। आप अपना ID Card लेकर इंडक्शन मीटिंग में आएं। यदि आप ID Card डाउनलोड नहीं कर पा रहे हैं तो आप अपने मोबाइल पर गूगल प्लेस्टोर से इग्नू स्टूडेंट ऐंप डाउनलोड कर उसकी सहायता से अपना ID Card डाउनलोड कर लें। फिर भी यदि आप ID Card डाउनलोड न कर पाएं तो इस बारे में आपको इंडक्शन मीटिंग में आवश्यक निर्देश दिए जायेंगे।

  2. यदि आपने ऑफलाइन माध्यम से प्रवेश लिया है तो आपको परिचय पत्र के बारे में इंडक्शन मीटिंग में ही बताया जायेगा।

- यदि आप किसी कारणवश इंडक्शन मीटिंग में न आ पाएं तो आप एक माह के भीतर (20 नवंबर से पहले) अपने अध्ययन केंद्र पर जाकर डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन करा सकते हैं।

- आप इंडक्शन मीटिंग के दिन अध्ययन केंद्र पर पहुँच कर पहले अपने डाक्यूमेंट्स का वेरीरिकेशन कराये, उसके पश्चात इंडक्शन मीटिंग में बैठ कर इग्नू पदाधिकारियो के द्वारा दिए गए निर्देश सुने एवं तत्पश्चात नोटिस बोर्ड में दिए गए काउंसलिंग प्लान व अन्य सूचनाओं को नोट करे। आपकी सूचना हेतु बता दें की इंडक्शन मीटिंग में 1 - 3 घंटे का समय लग सकता है।

शुभकामनाओ सहित

क्षेत्रीय निदेशक

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून